पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने बरपार पहुंचे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल

देवरिया। पूर्व उप थल सेनाध्यक्ष एवं देवरिया के पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बुधवार को केंद्रीय कानून मंत्री तथा बीकानेर से सांसद अर्जुनराम मेघवाल उनके पैतृक गांव बरपार पहुंचे। केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर गांव में स्थानीय नेताओं व लोगों की भारी मौजूदगी रही। बरपार स्थित आवास पर पहुंचकर श्री मेघवाल ने पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।





❖ चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गाया गुरु नानक देव का निर्गुण भजन, दिन भर लगा रहा शोक संवेदना जताने वालों का तांता

इस दौरान एक भावुक दृश्य भी देखने को मिला, जब केंद्रीय मंत्री ने गुरु नानक देव का निर्गुण भजन गाकर दिवंगत आत्मा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। केंद्रीय मंत्री के अलावा गांव में पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके चाहने वाले तमाम गणमान्य लोगों का दिन भर तांता लगा रहा। उपस्थित लोगों ने श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के सैन्य जीवन, राजनीतिक सफर और क्षेत्र के विकास में दिए गए उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

बरपार पहुंचकर विभिन्न दलों के नेताओं ने ले. जन. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी को दी श्रद्धांजलि

देवरिया। पूर्व उप थल सेनाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन के उपरांत बुधवार को उनके पैतृक गांव बरपार स्थित आवास पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बरपार आवास पर पूर्व विधायक ब्रह्माशंकर तिवारी, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, फाजिलनगर पंचायत की अध्यक्षा सुनीता शाही, समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह कुशवाहा, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय निषाद तथा श्लोक मणि त्रिपाठी ने जनरल साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभी ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस दौरान परिजनों ने इस कठिन समय में साथ खड़े रहने, स्नेह और संवेदना व्यक्त करने के लिए सभी के प्रति हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनरल साहब की स्मृतियां और उनका राष्ट्रसेवा का आदर्श सदैव सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा।



भाटपार रानी से आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी बने डॉ. ए.एम. अंसारी

देवरिया। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 के लिए आजाद अधिकार सेना ने जिले की 340-भाटपार रानी विधानसभा सीट से डॉ. ए.एम. अंसारी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद बुधवार को राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर ने कार्यालय ज्ञाप जारी कर उनकी उम्मीदवारी का एलान किया।डॉ. अंसारी पेशे से शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे चुनाव में आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा तथा अन्याय, अत्याचार व भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष के पार्टी के उद्देश्यों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि आजाद अधिकार सेना अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष तथा आम जन के अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. ए.एम. अंसारी की उम्मीदवारी इस संघर्ष को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रुद्रपुर में धूमधाम से हुई कलम-दवात के देवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा

देवरिया। नगर के टीचर्स कॉलोनी में पूर्व प्रवक्ता सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के आवास पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलम-दवात के देवता भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा धूमधाम और श्रद्धा के साथ की गई। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से शाम तक चले भक्तिगीतों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। चित्रांश बंधुओं ने शुभ मुहूर्त में अपने इष्ट देवता के पूजन समारोह में पूरे समर्पण भाव से पूजा-अर्चना की। इस विशेष तिथि पर कायस्थ समाज द्वारा कलम-दवात की पूजा कर भगवान चित्रगुप्त से लोक कल्याण की मंगल कामना की गई।



❖ टीचर्स कॉलोनी में भक्तिगीतों से गूंजा माहौल, चित्रांश बंधुओं ने की लोक कल्याण की कामना

प्रचलित मान्यता के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त की उत्पत्ति ब्रह्मा जी की काया से मानी जाती है, जो सृष्टि के सभी प्राणियों के शुभ-अशुभ कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं।पूजन के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया और लोगों ने एक-दूसरे को चित्रगुप्त पूजा की बधाई दी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, भाविका, हर्षित, अनुराग और रुद्रांश सहित अन्य चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारीज के नवीन भवन का गृह प्रवेश समारोह हर्षोल्ला ससम्पन्न

सेवरही, कुशीनगर।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग केंद्र शिव शक्ति नगर तमकुही रोड के नवीन भवन का गृह प्रवेश समारोह बुधवार को भाई दूज के पावन अवसर पर हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक आयोजित मुरली क्लास से हुआ। इसके पश्चात ध्वजारोहण एवं नवीन भवन का गृह प्रवेश किया गया।इस अवसर पर उपस्थित भाई-बहनों ने परमात्म स्मृति के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। कुशल मंच संचालन स्मिता बहन ने किया।कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में ब्रह्माकुमारी भारती दीदी,मीरा दीदी, सुनीता दीदी, राजयोग केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रिंकी बहन तथा बी के बद्री भाई समाज,नगर अध्यक्ष श्रीमती सोनिया जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, समाज सेवी माया शंकर निर्गुणायत,भागीरथी भाई,उदयभान भाई एवं अशोक भाई,मोहन भाई जी,जगदंबा भाई,अभिषेक जी (आरएसएस प्रचारक),जवाहर भाई,ठाकुर भाई, मुन्ना भाई एवं शंभू राय जी सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं भाई-बहन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने आध्यात्मिक ज्ञान, राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक चिंतन और श्रेष्ठ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से मन को शांति,जीवन में सकारात्मकता तथा आपसी संबंधों में मधुरता लाई जा सकती है।आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ समाज में भी शांति और सद्भावना का वातावरण बना सकता है।कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव को भोग अर्पित किया गया।इसके पश्चात सभी भाई-बहनों के लिए ब्रह्माभोज का आयोजन किया गया।पूरे कार्यक्रम में प्रेम,स्नेह, आध्यात्मिक उमंग और उत्साह का वातावरण बना रहा। राजयोग केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रिंकी बहन ने सभी उपस्थित भाई-बहनों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नवीन भवन को आध्यात्मिक सेवाओं, राजयोग मेडिटेशन एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का केंद्र बनाने की भावना व्यक्त की।



❖ भाई दूज के पावन अवसर पर आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग का दिया गया संदेश

अदालतों से मुकदमों का बोझ घटाने को शुरू होंगे 'इवनिंग कोर्ट', पुराने केसों का होगा 'एजिंग एनालिसिस'- कानून मंत्री

अम्बरीश मणि

देवरिया। देश की अदालतों में लंबित करोड़ों मुकदमों के त्वरित निस्तारण के लिए केंद्र सरकार दो बड़े नवाचार करने जा रही है। इसके तहत देश में %इवनिंग कोर्ट% (सांध्यकालीन अदालतें) का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा और पुराने मामलों की पहचान के लिए %एजिंग एनालिसिस% प्रोग्राम लाया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने दी। वह शहर के रामनाथ देवरिया में नीरज मणि के आवास पर एक निजी कार्यक्रम में आये थे। इस दौरान उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और संविधान के मुद्दे पर विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। अदालतों में लंबित मामलों (पेंडेंसी) पर पूछे गए सवाल के जवाब में कानून मंत्री ने स्वीकार किया कि देश में मुकदमों का बोझ काफी अधिक है। उन्होंने आंकड़े रखते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट में 96 हजार से अधिक, देश के 25 हाईकोर्ट में 70 लाख से ज्यादा और निचली अदालतों (डिस्ट्रिक्ट, सीजेएम व जूनियर जज कोर्ट) में करीब 4 करोड़ 30 लाख मामले लंबित हैं।टेक्नोलॉजी और रिटायर्ड जजों की भी ली जाएगी मदद पेंडेंसी कम करने की कार्ययोजना साझा करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि पहली बार %एजिंग एनालिसिस% का प्रोग्राम लाया जा रहा है। इसके जरिए यह देखा जाएगा कि कौन सा मामला 20, 30 या 40 साल से लंबित है, ताकि वह कॉज लिस्ट में जल्दी आए और सुनवाई हो सके। कई ऐसे मामले हैं जिनमें गवाह तक नहीं रहे या चेक बाउंस के पुराने केस अटके हैं। इसके अलावा, नियमित कोर्ट के बाद 3 से 4 घंटे के लिए %इवनिंग कोर्ट% का पायलट प्रोजेक्ट लाया जा रहा है। कुछ वकीलों का कहना है कि वे शाम को तैयारी करते हैं, ऐसे में नए और युवा वकीलों को इसमें मौका मिल सकेगा। साथ ही, संविधान में दिए गए प्रावधानों के तहत रिटायर्ड जजों की नियुक्ति और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से भी लंबित मामलों को तेजी से कम करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला आरक्षण पर बन रही सहमति लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% पर उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन का विषय होने के कारण पिछली बार दो-तिहाई बहुमत से थोड़ा पीछे रह गए थे, लेकिन सरकार अब भी इसके लिए प्रयासरत है। अब काफी लोग इस पर सहमत हो रहे हैं। जैसे ही संख्या बल और सहमति बनेगी, परिसीमन (डीलिमिटेशन) की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।संविधान और आरक्षण पर विपक्ष का नैरेटिव झूठा विपक्ष पर निशाना साधते हुए कानून मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल झूठा नैरेटिव गढ़ने में माहिर हैं। 2024 के चुनाव में भी इन्होंने बिना किसी प्रमाण के भ्रम फैलाया कि भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी, लेकिन जनता ने इनकी बातों पर विश्वास नहीं किया। जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने हाथी पर संविधान रखकर %संविधान सम्मान यात्रा% निकाली थी। हम संविधान का सम्मान करने वाले लोग हैं। विपक्ष पर पलटवार करते हुए उन्होंने पूछा कि देश में आपातकाल किसने लगाया था? इमरजेंसी के दौरान संविधान को किसने तहस-नहस किया, लोगों को जेलों में डाला और पत्रकारों की लिखने की आजादी छीनी? संविधान तो उस समय खतरे में था। इस दौरान भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, पूर्व विधायक डा.सत्य प्रकाश मणि, भाजपा नेता राधेश्याम शुक्ल, डिस्टिक बार प्रेसिडेंट वैभव कांत मिश्रा, भाजपा नेत्री अर्चना पांडेय आदि ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल का स्वागत किया।



❖ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने गिनाए लंबित मामलों के आंकड़े; बोले- महिला आरक्षण पर बन रही सहमति, विपक्ष फैला रहा झूठा नैरेटिव

प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मृतक परिवारों में पहुंचकर शोक व्यक्त किया

पथरदेवा(देवरिया)-प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही विकास खण्ड पथरदेवा क्षेत्र के दो मृतक परिवारों में पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली और शोक संवेदना व्यक्त किया।



जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत देवघाट निवासी हरिओम गुप्ता बीते दिन खेत में पिकप पर धान लोड करा रहे थे ऊपर ग्यारह हजार बोल्ट का विद्युत तार लटक रहा था जो हरिओम को खींच लिया जिससे उनकी हालत गम्भीर हो गयी और कुछ समय के बाद उनकी मृत्यु हो गयी। परिजन शोक में डूब गये पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दी। दूसरी घटना नगर पंचायत पथरदेवा निवासी सत्य नरायन गुप्ता के बहू की तबीयत खराब थी उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। सूर्य प्रताप शाही दोनों परिवारों में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शाही के साथ नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फ क्रान्ति सिंह,संजीतधर द्विवेदी,अवनीश पाठक,भाजपा पथरदेवा मण्डल अध्यक्ष जीपू शाही,मोदित बाबा आदि थे।

नूनखार रेलवे स्टेशन पर तीन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग

खुखुन्दू (देवरिया)।पूरब जनहित मंच ने नूनखार रेलवे स्टेशन पर तीन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। मंच ने कृषक, इंटरसिटी और चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन को नूनखार में रोकने की मांग की है।मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सोबराती किदवई ने कहा कि स्टेशन के नजदीक खुखुन्दू एक बड़ा बाजार है। यहीं ख्याति प्राप्त जैन मंदिर स्थित है, जो पुष्पदंतनाथ की जन्म स्थली है। जैन धर्मावलम्बी दुनिया भर से यहां आते हैं। जो देवरिया-सलेमपुर के बीच में खुखुन्दू में स्थित है। वहीं सटे हुए बैकुण्ठपुर मेला है, जहां देशभर के लोग आते हैं।उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को इलाज व अन्य कार्यों के लिए लखनऊ, बनारस व इलाहाबाद जाना पड़ता हैं, जिसके लिए उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए भटनी या देवरिया अनावश्यक रूप से जाना पड़ता है। इससे उनका काफी अतिरिक्त व्यय करना पड़ता है। उक्त ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्रीय लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी। साथ ही रेलवे की आय में वृद्धि भी सम्भव है, जिससे क्षेत्र का विकास भी तीव्र गति से होगा।मंच ने कहा कि इस मांग को काफी लम्बे अरसे से उठाया जाता रहा है, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। ऐसी स्थिति में उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है।ज्ञापन की प्रतिलिपि जीएम एनईआर रेलवे और डीआरएम एनईआर रेलवे, वाराणसी मंडल को भी भेजी गई है। इस दौरान ज्ञान सिंह, विनोद राम, मिली सिंह आदि मौजूद रहे।



मिशन शक्ति फेज-6.0:गांव-चौराहों पर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

देवरिया। महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल देने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जिले भर में पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस थाना क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पम्पलेट वितरित किए गए। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सशक्तिकरण और





अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में सभी थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने %मिशन शक्ति फेज-6.0% व %शक्ति दीदी% अभियान के तहत गांवों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं से सीधा संवाद किया। अभियान के दौरान मईल, भटनी और महुआडीह समेत विभिन्न सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। टीमों ने किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डरे तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की और शासन द्वारा दी जा रही सुरक्षा सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

बजरंग दल ने किया सामूहिक दाधीचि रक्तदान

सलेमपुर (देवरिया)। यहां के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पर बजरंग दल द्वारा दधीचि रक्त दान शिविर का आयोजन किया, जिसमे सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। इसके लिए दिन दस बजे सैकड़ों कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पर उपस्थित हुए। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ सभी कार्यकताओं ने आगे बढ़कर रक्त दान किया। इस अवसर पर विहिप के जिला मंत्री योगेश शर्मा एवं सह जिला मंत्री प्रदीप पाण्डे ने कहा की विहिप की युवा शाखा बजरंग दल पिछले पच्चीस वर्षों से नवंबर माह मे दधीचि रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। यह रक्त उस व्यक्ति के काम आता है जिसे कहीं रक्त नही मिलता। उन्होंने कहा रक्त दान अर्थात किसी को प्राण दान जैसा है। उन्होंने हिन्दू युवाओं से आह्वान किया कि वे हमेशा रक्त दान हेतु तैयार रहें। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका संयोजिका लक्ष्मी मिश्रा ने सर्वप्रथम रक्तदान किया।

यूजीसी में लागू हो न्यायसंगत व्यवस्था, मांगें न मानने पर आंदोलन की चेतावनी

देवरिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं पथरदेवा विधानसभा प्रभारी डॉ. राघवेन्द्र राम द्विवेदी ने केंद्र सरकार और संबंधित संस्थाओं से यूजीसी में न्यायसंगत व संतुलित व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पार्टी की प्रमुख मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो सुभासपा बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक आंदोलन करने को बाध्य होगी।जारी बयान में डॉ. द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और यूजीसी के नियम सभी वर्गों के हितों, अधिकारों व सम्मान को ध्यान में रखकर बनाए जाने चाहिए।उन्होंने मांग की कि आरक्षण की व्यवस्था आर्थिक आधार पर सुनिश्चित की जाए और महिलाओं व बेटियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को भी उच्च शिक्षा का समान अवसर मिल सके। डॉ. द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से यूजीसी के प्रावधानों की समीक्षा कर न्याय, समानता और संविधान की भावना के अनुरूप व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य अपने क्षेत्र में कराये विकास कार्यों की खुलासा करें

पथरदेवा(देवरिया)-विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत कुल आठ जिला पंचायत निवर्तमान सदस्य है जो आगामी चुनाव के लिए तैयारी कर रहे है सभी वार्डो के लोगों का कहना है कि निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य बीते पांच वर्षो में अपने द्वारा विकास कार्यो की खुलासा करे तांकि उस क्षेत्र की जनता को यह मालूम हो कि हमारे क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य विकास कार्यो को कराने का कार्य किया है पिछले बार जब जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हुआ तो भाजपा एवं सपा के दो दावेदारों में जोरदार आजमाईश था लेकिन तथाकथित जिला पंचायत सदस्य दोनों प्रत्याशियों को विश्वास देकर मतदान किया चुनावी परिणाम भाजपा के पक्ष में गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शीध्र ही होने वाला है सरकार द्वारा किसी भी समय चुनाव की तिथि घोषित कर सकती है जिसको लेकर निवर्तमान जिला पंचायत सदस्यों के साथ नये जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए काफी बेचैन है जिसका मुख्य माजरा यह है कि जिला पंचायत सदस्य का चुनाव प्रत्याशियों द्वारा सलाम बोलकर हाथ जोड़कर क्षेत्र की जनता को मुर्ख बनाकर पार्टी का नाम लेकर चुनाव तो जीत जाते है लेकिन जब उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए मतदान करना होता है तो काफी मोल भाव करके अपना एक वोट देते है लोगों में यह चर्चा है कि जिला पंचायत सदस्य अपने एक वोट के लिए लांखों में तय करते है यहाँ तक कुछ ऐसे जिला पंचायत सदस्य होते है जो कई प्रत्याशियों से मोल भाव करके पैसा ले लेते है और वह मालोमाल हो जाते है इस तरह की चर्चा सपा के घराने के लोगों ने पिछले बार जोरदार तरीके से किया है। एक वोट के नाम पर लांखों का मोलभाव करना पुराने के साथ नये प्रत्याशियों में चुनाव लड़ने की होड़ लगी है अधिकांश जिला पंचायत सदस्यों का बाजार भाव समाप्त हो चुकी है। विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में कुल आठ जिला पंचायत सदस्य के क्षेत्र है।

अपना दल एस का दामन कभी नहीं छोड़ूगा-डॉ. आनन्द सिंह

भाटपार रानी देवरिया। हाजीपुर के ग्राम सभा देवारा खास राजा मे अपना दल एस का सम्मान समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पर स्थित मां काली और भगवान शंकर की पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव (युवा मंच) डॉ अखिलेश पटेल तथा अपना दल एस के जिलाध्यक्ष हरिहर पटेल ने किया , तथा कार्यक्रम का संचालन अपना दल एस के प्रदेश सचिव डॉक्टर जय मुकुंद पटेल और नेतृत्व क्षेत्रीय अध्यक्ष राम दरस सिंह पटेल ने किया । तथा इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आजमगढ़ के लोकप्रिय डॉक्टर तथा अपना दल एस के भावी विधायक प्रत्याशी डॉक्टर आनंद सिंह पटेल रहे । कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद सिंह पटेल को फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया । मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद सिंह पटेल ने सभी मंचासीन पदाधिकारी को तथा गांव के लोगों का आभार व्यक्त किया । सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन अनुप्रिया पटेल तथा अपना दल एस के उपलब्धियां के बारे में बताया। कार्यक्रम में सहभोज का भी आयोजन किया गया था कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी लोग एक साथ बैठकर सहभोजन का आनंद लिया । उक्त अवसर पर धर्मेंद्र पटेल रमेश पटेल हरिकेश पटेल मुराली पटेल बैजनाथ पटेल रामप्रवेश पटेल बलिहारी पटेल बेचन पटेल श्री राम पटेल नागेंद्र पटेल राम हरि पटेल दीपक पटेल राजेंद्र पटेल श्रीकांत पटेल भैरोदिन पटेल जय राम पटेल अरविंद कुमार शर्मा के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिला भी उपस्थित थी ।

